इन्क़िलाबी नज़र
आवाज़ ... आम आदमी की
लखनऊ, रविवार, 5 मई 2024
वर्ष 16 अंक 238 मूल्य 4-00 रुपया पृष्ठ- 12+4

शांति राष्ट्रों का सम्बन्ध नहीं है। यह एक मनः स्थिति है जो आत्मा की निर्मलता से आती है शांति सिर्फ युद्ध का अभाव नहीं है। यह मन की एक अवस्था है।
-जवाहरलाल नेहरू

तापमान - अधिकतम 40.8°C (+1.4) न्यूनतम 23.8°C(+0.2) सेंसेक्स 73,878.15 (-732.96) निफ्टी 22,475.85 (-172.35) सोना 71,980 चांदी 83,000 मुद्रा - डालर 83.38 दिरहम 22.70 रियाल 22.23

एरा विवि में मतदान जागरूकता अभियान आयोजित

लखनऊ (सं)। मतदान के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए सरकार के निर्देशानुसार एक भाग के रूप में एरा यूनिवर्सिटी के क्रिएटिव आर्ट्स क्लब ने यूनिवर्सिटी बिल्डिंग में मतदान का महत्व विषय पर स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया।

एरा यूनिवर्सिटी के सभी संकायों के छात्रों ने कार्यक्रम में भाग लिया। सभी प्रविष्टियां रचनात्मक प्रतिभा, कलात्मक योग्यता और निपुणता के साथ मौके पर ही हस्तनिर्मित और बनाई गई थीं। समारोह में निर्णायकों के रूप में आमंत्रित मुख्य समन्वयक एलाइड डिप्लोमा डॉ. शलभ सिंह, सॉफ्ट स्किल्स विभाग के सॉफ्ट स्किल्स ट्रेनर कौनैन आबिदी को विजेताओं को अंतिम रूप देना मुश्किल हो गया क्योंकि अधिकांश छात्रों ने अनुकरणीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया। क्रिएटिव आर्ट्स क्लब की अध्यक्ष डॉ. रूपाली मिर्जा ने निर्णायकों और समन्वयकों अंग्रेजी विभाग से सैयदा सालेहा जाफरी और विशाखा मेहरोत्रा क्रिएटिव आर्ट्स क्लब के सह-संयोजक डॉ. शाजिया फातिमा और हर्षिका वर्मा को धन्यवाद दिया।